The Speaker made references to the passing away of Col. (Retd.) Sona Ram Choudhary (Member of Eleventh, Twelfth, Thirteenth and Sixteenth Lok Sabha), Prof. Vijay Kumar Malhotra (Member of Sixth, Ninth, Thirteenth and Fourteenth Lok Sabha), Shri Ravi Naik (Member of Twelfth Lok Sabha), Shri Dharmendra (Member of Fourteenth Lok Sabha) and Shri Sriprakash Jaiswal, Member of Thirteenth, Fourteenth and Fifteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दु:ख के साथ सभा को हमारे पाँच पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है ।

कर्नल **(**सेवानिवृत्त**)** सोना राम चौधरी राजस्थान के बाड़मेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं और सोलहवीं लोक सभा के सदस्य रहे । अपने कार्यकाल के दौरान वे कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे । उन्होंने राजस्थान विधान सभा के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी ।

कर्नल (सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी का निधन 80 वर्ष की आयु में 20 अगस्त, 2025 को दिल्ली में हुआ ।

प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के दक्षिण दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी, नौवीं, तेरहवीं और चौदहवीं लोक सभा के सदस्य रहे । वे वर्ष 1994 से 1999 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे । प्रो. मल्होत्रा ने लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, परिवहन और पर्यटन संबंधी समिति तथा सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के सभापति के रूप में अपनी सेवाएं दीं तथा वे कई अन्य संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे । वे 2008 से 2013 तक दिल्ली विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे ।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का निधन 93 वर्ष की आयु में 30 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली में हुआ ।

श्री रवि नायक गोवा के पणजी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं लोक सभा के सदस्य थे । वे छह कार्यकाल के लिए गोवा विधान सभा के सदस्य रहे तथा तत्कालीन गोवा, दमन एवं दीव विधान सभा के भी सदस्य रहे । उन्होंने क्रमशः गोवा के मुख्यमंत्री तथा उप-मुख्यमंत्री के रूप में दो-दो कार्यकाल तक अपनी सेवाएं दीं तथा वे गोवा सरकार में विभिन्न मंत्रालयों के मंत्री भी रहे । वे गोवा विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे ।

श्री रवि नायक का निधन 79 वर्ष की आयु में 15 अक्तूबर, 2025 को गोवा में हुआ ।

श्री धर्मेन्द्र राजस्थान के बीकानेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे । वे कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य रहे । श्री धर्मेन्द्र ने भारतीय सिनेमा में छह दशकों से अधिक के अपने उत्कृष्ट करियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया । कला और भारतीय सिनेमा में श्री धर्मेन्द्र के विशेष योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2012 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण और 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

श्री धर्मेन्द्र का निधन 85 वर्ष की आयु में 24 नवम्बर, 2025 को मुंबई में हुआ ।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल उत्तर प्रदेश के कानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं, 14 वीं और 15 वीं लोकसभा के सदस्य रहे । श्री जायसवाल ने केंद्रीय कोयला मंत्री और कोयला, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा गृह राज्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं । उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी ।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन 28 नवम्बर 2025 को कानपुर में 81 वर्ष की आयु में हुआ।

यह सभा अपने पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है ।

अब, सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन रहेगी ।

-

<u>11.04 hrs</u>

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष**:** ऊँ शांति: शांति: शांति: ।

प्रो**.** सौगत राय **(**दम दम**) :** सर, हमारा एडजर्नमेंट मोशन है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष**:** एक मिनट, पहले हम खिलाड़ियों को बधाई दे देते हैं ।

? (व्यवधान)

<u>11.05 hrs</u>